भारत सरकार
आयुष मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 776

29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महाराष्ट्र में आयुष महाविद्यालय

776. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा महाराष्ट्र राज्य में स्थापित आयुष महाविद्यालयों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का वर्ष-वार/योजना-वार/जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान निर्धारित और प्राप्त किए गए वास्तविक लक्ष्यों का वर्ष-वार/योजना-वार/जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की लोगों की दुर्दशा को ध्यान में रखते हुए धुले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष अस्पताल स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी योजनाओं के संबंध में महाराष्ट्र सरकार अथवा किसी संसद सदस्य की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए महाराष्ट्र सहित देश में आयुष कॉलेजों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत, आयुष शैक्षणिक संस्थान और 50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, महाराष्ट्र राज्य सरकार ने किसी आयुष शैक्षणिक संस्था का प्रस्ताव नहीं किया है। महाराष्ट्र राज्य से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित 50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थिति संलग्न है।

*****

महाराष्ट्र राज्य में एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक स्वीकृत अनुदान:

क. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थान	चिकित्सा पद्धति	बिस्तरों की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख रुपए में)	स्थिति
1	महाराष्ट्र	धाराशिव, (उस्मानाबाद)	आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी	50	100.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		जलगांव	आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी	30	300.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		जालना	आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी	50	300.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		ठाणे	आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी	50	300.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		नागपुर	आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी	50	100.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ

*****